तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 मां कर्मा की जीवनी से मिलती है भक्ति और ...

12 जन औषधि केंद्र में लगा स्वास्थ्य शिविर


## खबर संक्षेप

### छग विकास पार्टी का स्थापना दिवस आज

**पलारी।** छत्तीसगढ़ विकास पार्टी शुक्रवार 28 मार्च को स्थापना दिवस मनाएगी। पार्टी के अध्यक्ष व पूर्व सांसद पी आर खुटे ने बताया कि स्थापना दिवस सतनाम भवन में 12 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें बलौदाबाजार आंदोलन से संबंधित सतनामी समाज के 189 जेलयात्रियों को सतनामी रत्न से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने स्थापना दिवस पर बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम खदरही नवाडीह से बिहाझर रास्ते पर एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी पर बागबाहरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खदरही नवाडीह से बिहाझर की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग स्थित मोड़ के पास में राजकुमार ठाकुर द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस आरोपी राजकुमार ठाकुर पिता धनीराम ठाकुर (33 साल) ग्राम खदरही नवाडीह के कब्जे से, एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 35 पाउच हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कुल 06 लीटर, करीमत करीबन 3000 रुपए और बिक्री रकम 1510 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### संजय कानन में 160 जोड़ों का विवाह आज

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग गरीब परिवार की कन्याओं का विवाह 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से सामूहिक विवाह का आयोजन महासमुंद के संजय कानन उद्यान में होगा। इस विवाह आयोजन में 160 जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रति जोड़ा 50 हजार रुपए का व्यय किया जाएगा। इसमें प्रत्येक कन्या को 35 हजार रुपए की राशि बैंक खाते या बैंक ड्राफ्ट के रूप में दी जाएगी। विवाह आयोजन व्यवस्था और परिवहन पर प्रति कन्या 8 हजार रुपए, इसके साथ ही विवाह के मौके पर वर-वधू के कपड़े, श्रृंगार सामग्री पर 7 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। छग मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार/मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजनांतर्गत कार्डधारी परिवारों की 18 वर्ष से अधिक आयु की अधिकतम दो कन्याओं को योजनांतर्गत लाभ दिया जाता है।

### रामनवमी महोत्सव पर नगर में निकलेगी बाइक रैली

**सरायपाली।** राम राज परिवार द्वारा पिछले कई वर्षों से हिंदू नववर्ष, रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा, बाइक रैली का आयोजन किया जाता है। उसी तरह इस बार भी रामनवमी महोत्सव का आयोजन 07 अप्रैल 2025 को रखा गया, जिसका तैयारी अभी से देखने मिल रहा है। नगर में दोपहर 02 बजे बाइक रैली, डीजे के साथ निकलेगी। जिसमें हर बार की तरह हज़ारों की संख्या में बाइक में मौजूद श्रद्धालु रहेंगे, जो की घंटेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करेगी। पश्चात शाम 06 बजे से शोभा यात्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड से प्रंभ होगी। जिसमें मुख्य अकर्षण में रायपुर की फेमस धूमल कान्हा कृपा, जय डीजे, राम दरबार झांकी के साथ ये शोभा यात्रा निकलेगी और पूरे नगर में हर्ष और उल्लास के साथ नगर को भगवामय करेंगे और खास बात ये है कि जय स्तंभ चौक पर भगवान रामजी की एक भव्य प्रतिमा रहेगी, जिसका ग्रैंड लांचिंग रॉयल इवेंट रायपुर द्वारा होगा।

# फार्मर पंजीयन 31 तक, ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

कृषि विभाग द्वारा कृषक पंजीयन डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर के तहत एक महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिसका उद्देश्य कृषि स्वामी का एक व्यापक और एकीकृत पंजीयन करना है। फार्मर रजिस्ट्री में किसानों का पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इस पंजीयन के माध्यम से सरकारी योजनाएं और लाभ सही लाभार्थियों तक कुशलता पूर्वक पहुंच सकेगी। योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। पंजीयन नहीं कराने पर योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ेगा। अब तक जिले के 102797 किसानों ने पंजीयन करा लिया है। जिले में सभी किसानों का निःशुल्क पंजीयन लोक सेवा केन्द्र सीएससी, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाई जा रही है। जिसमें कृषि विभाग से संबंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं राजस्व विभाग से पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही विभागीय साइट का उपयोग कर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं। फार्मर आईडी बनवाने के लिए अनिवार्य दस्तावेज–किसान को अपने सभी भूमि का बी–1 खसरा, ऋण पुस्तिका और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी।

## अब तक जिले के 102797 किसानों ने कराया पंजीयन



### पंजीयन अप्रुवल के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई

ग्राम पंचायतों में लग रहा पंजीयन शिविर एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी बनाने हेतु राजस्व, कृषि, सहकारिता विभाग के सहकारी समितियों तथा लोक सेवा केन्द्र सीएससी को 31 मार्च तक पंजीयन का कार्य करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर डिजिटल फार्मर आईडी किसान कार्ड बनाई जा रही है। किसानों के सहयोग एवं फार्मर आईडी बनाने के प्रचार–प्रसार हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं पंजीयन को अप्रुवल करने के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला अन्तर्गत ग्रामों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, सहकारी समिति एवं सीएससी के माध्यम से कार्यालयीन अवधि के साथ रात्रिकालीन शिविर लगाकर कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जा रहा है।

## आयोजन : जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बने बाराती, हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न हुआ कार्यक्रम

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 50 युगलों की शादी, डीजे की धुन पर बाराती थिरके

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

ब्लॉक मुख्यालय सिमगा के देवांगन समाज भवन में मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह में विभिन्न स्थानों से आए कुल 50 जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात जोड़ों के पंजीकरण एवं श्रृंगार सामग्री वितरण से हुई। सर्वप्रथम वर–वधु को प्राथमिकता से भोजन कराकर 50 वरों की बारात निकाली गई। डीजे सिस्टम के साथ वर सहित, बारातियों एवं अतिथियों ने खूब ठुमके लगाए। महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा द्वारचार कर समस्त वर का स्वागत किया गया। पंडित द्वारा सामूहिक रूप से 50 हिन्दू जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम, पाणिग्रहण, हवन एवं फेरों सहित, सात वचन दिलाते हुए पूर्ण किया गया। परिणय सूत्र में बंधे समस्त 50 जोड़ों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वितरित रु 35 हजार का चेक, उपहार सामग्री एवं प्रमाण पत्र के साथ–साथ परिजनों ने भी टिकावन के रूप में साड़ी, लिफाफा आदि समस्त जोड़ों को अत्यंत उत्साह के साथ प्रदान किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की राशि प्रति जोड़ा रु 50 हजार हो गई है। अतः समस्त जोड़ों को 7 हजार की श्रृंगार सामग्री, 35 हजार का चेक एवं आयोजन अथवा परिवहन हेतु शेष राशि प्रदान की गई है। अतिथियों के स्वागत पश्चात उनके आशीर्वचन, वैवाहिक प्रमाण पत्र वितरण तथा वधुओं की विदाई के साथ कार्यक्रम का अंत, परियोजना अधिकारी के धन्यवाद अर्पण से हुआ। वर-वधू को आशीर्वाद देने हेतु जिला पंचायत सदस्य शशि बंजारे, आनंद बंजारे, सदस्य मोहन वर्मा, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जनपद उपाध्यक्ष ▸▸ शेष पेज 11 पर



## मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 40 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

■ विवाह में प्रत्येक जोड़े को दिया गया 50 हजार का अनुदान

**पलारी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत नगर पंचायत पलारी के दशहर मैदान में आयोजित सामूहिक विवाह में 40 जोड़ों ने वैदीक मंत्रोचार के साथ सात फेरे लिए तथा एक दुजे का हाथ थामकर जनम जनम तक साथ निभाने की कसम खाई। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने नवदंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कसडोल विधायक संदीप साहू, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक योगेश चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र बंजारे, रवि बंजारे, ▸▸ शेष पेज 11 पर



### गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही योजना : संदीप साहू

विधायक साहू ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना दहेज प्रथा और महंगे विवाह आयोजन के बोझ से माता–पिता को राहत दिलाने का माध्यम बन रही है। योजना के तहत प्रत्येक जोड़े को 50 हजार का अनुदान प्रदान किया जाता है, जिसमें से 35 हजार सीधे लाभार्थी के खाते में अंतरित किए जाते हैं। शेष 15 हजार श्रृंगार सामग्री तथा विवाह आयोजन के लिए आवंटित किए जाते हैं।

### ये बंधे बंधन में

पूजा कोशले–ईश्वर प्रसाद, दामिनी–योगेश, हेमिन–सुरेन्द्र, मधु कुर्रे–विनोद कुमार, किरण–नीलेश, कीर्ति–टकेश्वर, मुस्कान–दुलेश, भारती कुर्रे–डोमेंद्र, तमेश्वरी– राजेन्द्र, वंदना–चंद्रशेखर, करीना–सुमित कुमार, सकीना–जागृत, सतरूपा–महेन्द्र कुमार, प्रिया फेकर–नीतीश कुमार, हिना–रूपेश, पायल–राकेश, दामिनी–लोकनाथ, बुधारा– विक्रम, आंचल–जगमोहन, मानशी–अनिल कुमार, तारणी– कुंदन, सुनीता–सागर, रोशनी–उपेंद्र, राधिका–भूषण, मोनिका–सूर्यकांत, थानेश्वरी–सतिश, ललित–योगेश, दिव्या– अनिकेत, रूपा–पम्मू, कविता–धन्नु, संतोषी–लक्ष्मीकांत, रूपरेखा–जितेन्द्र, रेशमी–जीवन, शलेन्द्री–चूडामणी, सरिता– अक्षय, सत्या–देवकरण, ममता–देवचंद, खिलेश्वरी–देवेन्द्र, चंद्रवती–प्रशांत, पिंकी–देवव्रत शामिल हैं।

### संसद के घेराव आंदोलन में नपं उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा हुए शामिल



**पलारी।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश आकाश शर्मा के नेतृव में दिल्ली में आयोजित नौकरी दो, जंजीरे नहीं के अंतर्गत संसद घेराव में हितेंद्र ठाकुर, गोपी साहू के मार्गदर्शन में पलारी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा व ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष हर्षू वर्मा की अगुवाई में पलारी युवा कांग्रेस के साथियों ने दिल्ली के जंतर मंतर से लेकर संसद भवन तक केंद्र सरकार की युवा विरोधी नीति के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। पलारी युवा कांग्रेस के साथियों ने देश के लाखों बेरोजगार युवाओं की आवाज बनकर दिल्ली की सड़कों पर नरेंद्र मोदी के खिलाफ आवाज बुलंद किया। और कहा कि जब तक देश के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के साथ न्याय नहीं होगा ये लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस रैली में पिंटू वर्मा, हर्षू वर्मा, शिवम मिश्रा, सौरव मिश्रा, हर्षवर्धन वर्मा, गोलू वर्मा सहित ब्लॉक युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सिर्री में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आजः** सिर्री। ग्राम पंचायत सिर्री के बाजार चौक में 28 मार्च को अभनपुर के एक प्राइवेट अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सहित बीपी शुगर की जांच कर दवाई भी दी जायेगी। शिविर दोपहर 3 से शाम 5 बजकर 30 मिनट अर्थात ढाई घंटे ही लगाया जायेगा।

### कलश यात्रा निकालकर मनाई मां कर्मा जयंती



**खरोरा।** ग्राम जरौदा में साहू समाज के तत्वावधान में इस वर्ष भी मां कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश रख कर शामिल हुईं। भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण एवं रामायण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष सारागांव परिक्षेत्र नारायण प्रसाद साहू, सलाहकार परिक्षेत्र ईशकुमार साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ धरसीवां अनिल साहू, उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तहसील थलेश्वर साहू, सरपंच अजीत वर्मा, उपसरपंच शेषनारायण साहू, तेजराम साहू, गंगाराम साहू, पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# चोरी की दो मोटरसायकिल जब्त आरोप में दो अपचारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भटगांव

घरों के सामने से बाइक की चोरी करने वाले दो अपचारी बालकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की गई बाइक भी जब्त की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बाइक चोरी की रिपोर्ट प्रार्थी संजय सारथी निवासी भटगांव द्वारा की गई थी, जिसमें मकान से 20 फरवरी को रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल कीमती लगभग 50 हजार को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे एवं एसडीओपी विजय ठाकुर बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन में विवेचना दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल को कम कीमत में खरीद कर अधिक कीमत में बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे ▸▸ शेष पेज 11 पर



# विप्र वाटिका भवन में मना खाटू श्याम महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ खाटू श्याम के भजन सुनकर भक्त हुए मंत्रमुग्ध

विप्र वाटिका भवन में खाटू श्याम महोत्सव हर्षोल्लास साथ मनाया गया। खाटू श्याम महोत्सव के पूर्व बाबा का दरबार सजा कर अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। इस अवसर पर खाटू श्याम के भक्ति के गाने को तिल्दा से आये टीनू शर्मा एवं रायपुर से आए विजय अग्रवाल द्वारा एक से बढ़कर एक खाटू श्याम के भजन गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में खाटू श्याम के भक्त दरबार पर आए हुए थे। विदित हो कि बाबा के दरबार पर जो भी व्यक्ति आता है बाबा उसको कभी भी खाली हाथ नहीं भेजते। रात्रि में नगर पालिका बलौदाबाजार के अध्यक्ष अशोक जैन ने भी बाबा के दरबार में अपनी हाजिरी दी। कार्यक्रम को भव्य रूप देने में नगर के समस्त श्याम भक्तों प्रयास किया गया। रात्रि में महा आरती का आयोजन किया गया, उसके बाद हर भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को बसंती देवी केडिया के परिवार के सदस्यों ने आयोजित किया, जिसमें मुख्य रूप से मनोज केड़िया, प्रवीण केडिया, गुलाब केडिया, रवि केडिया, मनीषा केडिया, चारुल केडिया, अमृता केडिया और बबीता केडिया का परिवार शामिल हैं।

## बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन शुरू, 17 अप्रैल तक चलेगा

# जिले के 341 शिक्षक जांचेंगे बोर्ड परीक्षाओं की कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

■ पं. चक्रपाणी हाई स्कूल में 10 की 78,500 और 12वीं की 32351 कॉपियां जांच के लिए पहुंची

पं. चक्रपाणी शासकीय हाई स्कूल में बुधवार से बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके लिए जिले में कॉपियां दो दिन पहले ही पहुंच गई थी। मूल्यांकन 26 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद दूसरे लॉट की कॉपियां जांचने के लिए जिला पहुंचेंगी, जिसकी जांच 17 अप्रैल तक चलेगी। अर्थात मई के दूसरे सप्ताह में बोर्ड का परिणाम आने की संभावना है। स्कूलों में बोर्ड परीक्षा अंतिम चरण में है बुधवार को भी परीक्षा संपन्न हुई। शहर में बनाये गये पं. चक्रपाणी हाई स्कूल में 78 हजार 500 कॉपियां जांच के लिए पहुंची है, इसमें दसवीं की 78, 500 हजार तो 12वीं की 32351 कॉपियां हैं, इसके लिए जिलेभर के 341 शिक्षक मूल्यांकन कार्य में पहुंचे।

## 17 अप्रैल तक चलेगी जांच

### मूल्यांकनकर्ता एक दिन में 40 कॉपी जांचेंगे

एक मूल्यांकनकर्ता एक दिन में केवल 40 कॉपी ही जांच पाएंगे। यह व्यवस्था मूल्यांकन कार्य में गुणवत्ता को देखते हुए किया गया है। 10वीं की एक कॉपी की जांच करने के लिए 10 रुपए तो 12 वीं कॉपी के लिए 11 रुपए शिक्षकों को मिलेगा। इसके अलावा मूल्यांकन केंद्र में पर्स, मोबाइल प्रतिबंध किया गया है। उन्हें नंबर जोड़ने कैलकुलेटर का उपयोग करना होगा। पहले लॉट का काम 4 अप्रैल तक पूरा होगा। इसके बाद दूसरा लॉट 4 अप्रैल को आएगा जो 17 अप्रैल तक चलेगा।

### आपातकाल के लिए शिक्षकों की सूची तैयार : केन्द्र प्रभारी

मूल्यांकन केन्द्र प्रभारी हरिकिशन जोशी ने बताया कि मूल्यांकन से पहले सभी शिक्षकों की ब्रीफिंग हुई, इसी कारण पहले दिन दोपहर बाद ही कॉपियों की जांच शुरू हो पायी। माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव ने जिला शिक्षा अधिकारियों को मूल्यांकनकर्ताओं को नियुक्ति पत्र देने और कार्यमुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। आपातकालीन के लिए भी शिक्षकों की सूची भी तैयार करने को कहा गया है।

### देर से प्रारंभ हुआ मूल्यांकन कार्य

जिले में बुधवार को बोर्ड परीक्षा संपन्न होने के पश्चात मूल्यांकन कार्य शुरू हो पाया, हालांकि एक-दो दिन पूरी तरह से मूल्यांकन कार्य प्रभावित होगा, लेकिन इसके बाद रोजाना 8 से 10 हजार कॉपियां एक दिन में जांची जाएंगी। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी ने बताया कि पहले ही कॉपियां केंद्र पहुंच गयी थी, पहले दिन पुस्तिका को रखा गया। विषय के अनुसार अलग–अलग किया गया है फिर मूल्यांकन कार्य शुरू किया गया।

### केंद्र में सुरक्षा के लिए जवान तैनात

मूल्यांकन केंद्रों में सुरक्षा के मद्देनजर जवानों की तैनाती की गई है। मूल्यांकन का समय सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। मूल्यांकनकर्ताओं की सूची पोर्टल पर ऑनलाइन भेज दी गई है। हर जांचकर्ता को पहले दिन को छोड़कर रोजाना 40 कॉपियॉ जांचनी होगी। बुधवार को बोर्ड पोर्टल में रजिस्टर्ड शिक्षक जिन्हें तीन साल का अनुभव होना अनिवार्य है, वे जांच के लिए पहुंचे। जांच से पहले शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन किया गया। आदेश की कॉपी के साथ मिलान होगा फिर उन्हें निर्देश और बोर्ड में पूछे गए तीन प्रश्न पत्रों का अध्ययन किया गया। हेड मूल्यांकन प्रभारी द्वारा उनकी जांची हुई, उत्तर पुस्तिका की जांच करेंगे। सब सही हुआ तो ही शिक्षक मूल्यांकन कार्य में शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप



### राम भजन में झूमते रहे सभी श्रद्धालु

रायपुर। टाटीबंध महोबा बाजार स्थित बरसाना एंक्लेव में श्रीराम कथा के अंतिम दिवस बुधवार को कथावाचक संत शिरोमणि राम ज्ञानी ने राम राज्य को परिभाषित किया। महाराज ने सभी श्रोताओं से चढ़ौती के रूप में अपनी बुराई को चढ़ाने के लिए कहा। इसके बाद सभी भक्त राम भजनों में झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस कार्यक्रम को आयोजन समिति के प्रमुख अध्यक्ष गोपाल टावरी व उनके सहयोगी टीम, बरसाना परिवार और महिला समिति का विशेष सहयोग रहा, जिसमें प्रमुख रूप से मंजू अग्रवाल, शोभा गुप्ता, प्रेमा टावरी, मीरा हरितवाल, सरोज मित्तल, माया वर्मा, सोनल बंसल, उषा गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

### भक्ति की शक्ति में डूबेगा धोबी समाज



रायपुर। चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर नातिन धोबिन दाई परिसर में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। साथ ही जवारा का भी जुलूस निकाला जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारी बैठक में गांव-गांव से सामाजिक श्रद्धालु पहुंचे। बैठक में धोबी समाज के लोगों ने कहा, सभी समाज अपने इष्ट देवी को मानते हैं पूजा करते हैं श्रद्धा से हम लोग भी पीछे नहीं रहेंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने समाज को जागृत किया है और धर्म कर्म के बारे में सब को जानकारी दिया है और हम सभी जागृत धीरे-धीरे हो रहे हैं। 30 मार्च से सभी अपने-अपने सामर्थ के अनुसार सेवा देंगे और पंडा की भागीदारी निभाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, सुनील निर्मलकर सहित अनेक लोगों ने संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किया और ग्रामीण जनों को गांव गांव में स्थित देवी के प्रति आवहान चलाने का आव्हान किया।

### शिविर में 60 लोगों ने किया रक्तदान



रायपुर। अमर क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस के अंतर्गत दुर्गा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, बिलासा ब्लड केंद्र और एलजी केयर टुडे की ओर से लगाया गया। शिविर में लगभग 60 लोगों ने रक्तदान किया। ऑफिस स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ रक्तदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा जिम्मेदार नागरिक होने के नाते सभी को रक्तदान करना चाहिए। बिलासा ब्लड सेंटर की साक्षी गौतम ने बताया कि दान किए गए रक्त की एक यूनिट से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। शिविर में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रतिभा मुखर्जी साहूकार, उप प्राचार्य डा. सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### देश का प्रकृति परीक्षण छत्तीसगढ़ पूरे देश में तीसरा

रायपुर। अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में मुंबई में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन समारोह मनाया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव के मुख्य आतिथ्य में मुंबई के जहांगीर भाभा थियेटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया था । अभियान के पहले चरण में स्ट्राइक रेट के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया। यह सम्मान, अभियान के राज्य समन्वयक एवं छ.ग. आयुर्वेदिक, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने प्राप्त किया।

# एमसीएच/डीएम के स्टाइपेंड की विसंगति पर राहत के छीटें, सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विसंगति की लगातार शिकायत के बाद एमसीएच/ डीएम के डाक्टर का स्टाइपेंड दो हजार रुपए बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त कार्यालय से शासन को भेजे गए इस प्रस्ताव पर सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों में नाराजगी है। अभी सुपरस्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को एमडी-एमएस यानी पीजी डाक्टरों के बराबर स्टाइपेंड मिलता है।

राज्य में सुपरस्पेशलिटी कोर्स का संचालन कुछ ही विषयों में किया जाता है। इसकी पढ़ाई पीजी पूरी करने के बाद शुरू होती है, मगर इन डाक्टरों को शिष्यवृति पीजी डाक्टरों के बराबर मिलती है। सीजीडीएफ सहित विभिन्न चिकित्सक संगठनों ने इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए एमपी सहित की राज्यों में दिए जाने वाले स्टाइपेंड का अध्ययन कर अधिकारियों से मांग की गई थी। लगातार उठने वाली मांग के बाद सुपरस्पेशलिटी पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा प्रस्ताव बनाकर चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को भेजा गया था। वहां के स्टाफ ने अध्ययन और संशोधन के बाद वर्तमान में मिलने वाली राशि में दो हजार रुपए की बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार कर शासन के पास स्वीकृति के लिए भेज दिया।

इस प्रस्ताव की जानकारी के बाद सुपरस्पेशलिटी की पढ़ाई करने वाले डाक्टर नाराजगी है। उनका तर्क है कि राज्य में सेवा देने वाले सुपरस्पेशलिटी डाक्टर्स का अलग कैडर नहीं होने की वजह से उन्हें पीजी चिकित्सक के बराबर वेतन मिलता है। काफी समय से उनके वेतन की बढ़ोतरी की तरफ ध्यान नहीं दिया गया जिसकी नए चिकित्सक ज्वाइनिंग की तरफ ध्यान नहीं देते है, वहीं पुराने डाक्टर्स नौकरी छोड़ रहे हैं।

### हास्टल शुल्क कम करने की तैयारी

सुपरस्पेशलिटी विषयों की पढ़ाई करने वाले डाक्टरों को अलग से हास्टल की व्यवस्था नहीं होने की वजह से डीके अस्पताल के पेइंग रूम में आवास सुविधा दी गई है। इसके लिए यहां एसी, पंखा, एलईडी, टीवी, गीजर माईक्रोवेव, बेड, सोफा, स्टडी टेबल की सुविधा है। डाक्टरों से इसके लिए 5 हजार रुपया प्रतिमाह किराया लिया जाता है। इस राशि को कम कर 2500 करने का प्रस्ताव बनाकर भी शासन को स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया है।



### सुपरस्पेशलिटी डाक्टरों का स्टाइपेंड

| वर्ष | वर्तमान | प्रस्तावित | डिमांड |
|---|---|---|---|
| प्रथम | 67500 | 70000 | 78000 |
| द्वितीय वर्ष | 71450 | 73000 | 82000 |
| तृतीय वर्ष | 74600 | 76000 | 86000 |

- दो हजार की वृद्धि का सीएमई कार्यालय से प्रस्ताव, शासन से मांगी अनुमति
- अभी पीजी डाक्टरों के बराबर मिलती है शिष्यवृति, पढ़ाई उससे आगे की

## अधिकारी, कर्मचारी पेशोपश में, 225 करोड़ के प्रोजेक्ट अधूरे

# स्मार्ट सिटी 4 दिन का मेहमान, 8 प्रोजेक्ट अधूरे, केंद्र की गाइड लाइन का हो रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


रायपुर स्मार्ट सिटी मिशन महज 5 दिन का मेहमान है, जबकि 8 प्रोजेक्ट अधूरे हैं। इसमें शहर के तीन तालाबों में बन रहे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, शहर के 15 वार्डों में मोतीबाग और गंज पानी टंकी से 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना, शास्त्रीबाजार, नए मटन मार्केट का निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट शामिल हैं। केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार 31 मार्च तक समय रायपुर स्मार्ट सिटी के लिए तय है। ऐसे में अधिकारी व कर्मचारी पेशोपश में हैं कि बचे हुये 8 प्रोजेक्ट का काम कैसे कराया जाये। जो प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं उसके हेंडओवर को लेकर अब तक कोई दस्तावेज तैयार नहीं किये हैं।

हरिभूमि सरोकार

### 225 करोड़ के प्रोजेक्ट अधूरे

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा करीबन 9 साल में 312 प्रोजेक्ट पर काम किया गया। इसके लिए स्वीकृत 1 हजार करोड़ रुपये में से 872 करोड़ रुपये खर्च किये गये। इसमें शहर के ऐतिहासिक महराजबंद तालाब, नरैया तालाब, खो-खो बंधवा और पहलदवा तालाब में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट अहम है। साथ ही पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत राजधानी के 15 वार्डों में 24 जल आपूर्ति की योजना खास है। इन प्रोजेक्ट करीबन 225 करोड़ के हैं। जो तय समय अवधि से 2 से 3 पीछे चल रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक 3 तालाबों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का काम पूरा होने में 6 माह और लग सकता है। इसी तरह मटन मार्केट का काम पूरा होने अभी समय लगेगा।

### 3 तालाबों में एसटीपी निर्माण, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट सहित 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट




### केंद्र की गाइड लाइन का इंतजार

स्मार्ट सिटी रायपुर का कार्यकाल 31 मार्च को पूरा हो रहा है। आगे क्या होगा इसे लेकर अब तक कोई अधिकारिक जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्पष्ट दिशा निर्देश मिले हैं कि नया प्रोजेक्ट नहीं लिया जायेगा, पहले से जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं, उसी पर काम करना है। जैसे दिशा-निर्देश मिलेंगे, उसके अनुसार काम किया जायेगा।

- **पीके पंचायती,** महाप्रबंधक, तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### हैंडओवर को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधे-अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करना जहां अधिकारियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती है, वहीं 100 से अधिक ऐसे प्रोजेक्ट जिनका संचालन व संधारण रायपुर स्मार्ट सिटी कर रही है उसके हेंडओवर की प्रक्रिया क्या होगी? नगर निगम को हेंडओवर करने पर फंड की व्यवस्था कहां से होगी इसका जवाब विभागीय अधिकारियों के पास नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रायपुर स्मार्ट के पास 128 करोड़ रुपये बचे हुये हैं । यह पैसा डिमांड व कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर मिल सकता है। जिसके लिए कोशिश की जा रही है।

### एसटीपी का काम सब कांट्रेक्टर से कराने की तैयारी

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 3 तालाबों में गंदे पानी के शुद्धिकरण के लिए 20 करोड़ खर्च कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का ठेक पुणे की जिस एजेंसी को दिया है संबंधित एजेंसी समय पर काम पूरा नहीं कर पा रही। बार-बार नोटिस के बाद भी काम की सुस्त रफ्तार को देखते हुए अब बचे हुये कार्य को सब कांट्रेक्टर से कराने की तैयारी है। कुल मिलाकर यह तय है बारिश से पहले महराजबंद तालाब, नरैया तालाब और बंधवा तालाब में एसटीपी निर्माण का काम पूरा नहीं हो पायेगा।

# मर्चेंट एसोसियेशन ने महापौर को निगम बजट के लिए दिए सुझाव



- गांधी सदन में महापौर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गोलबाजार मर्चेंट एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने गांधी सदन में अध्यक्ष सतीश जैन और वार्ड पार्षद मुरली शर्मा के नेतृत्व में महापौर मीनल चौबे से मुलाकात की। इस मौके पर व्यापारियों ने नगर निगम के आगामी बजट को लेकर 13 बिंदुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत करते हुये महापौर का ध्यान आकर्षि कराया। चर्चा के दौरान मीनल चौबे ने कहा गोलबाजार की प्रसाधन समस्या को प्राथमिकता से लिया जायेगा। साथ ही अन्य प्रस्तावों पर विचार कर बजट में शामिल करेंगे। इस मौके पर कलीराम साहू, संतोष रावत, पुरुषोत्तम जोशी शामिल रहे।

### इन बिंदुओं पर दिये सुझाव

- नगर निगम के अनुज्ञप्ति लाइसेंस प्रणाली की अवधि एक साल से बढ़ाकर 5 साल किया जाये।
- मालवीय रोड स्थित नगर निगम के पुराना मुख्यालय वाली खाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने का सुझाव।
- मालवीय रोड, बंजारी चौक, गोलबाजार, सदरबाजार क्षेत्र में सार्वजनिक प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है, वहां ई -टायलेट की व्यवस्था नगर निगम के माध्यम से हो।
- अवैध निर्माण, ठेले -खोमचे द्वारा बढ़ते अतिक्रमण की रोकथाम के लिए मोबाइल वैन बनाकर समय रहते कार्यवाही करने का सुझाव।
- नगर निगम के कार्यालयों में बायोमेट्रिक सिस्टम लगाने और सीसीटीवी कैमरा लगाया जाये।
- मच्छरों की समस्या से निजात पाने बंद पड़ी सीवर लाइन को शुरू करने का सुझाव।
- नगर निगम द्वारा मोक्षदाह सेवा शुरू किया जाये और अंतिम संस्कार के लिए जरूरतमंदों को निःशुल्क लकड़ी दी जाये।

# गर्मियों का मौसम निर्माण कार्यों के लिए अनुकूल, तेजी से पूरे करवाएं कार्य : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों से कहा कि जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उन्हें बारिश शुरू होने से पहले गर्मियों में पूरी तेजी के साथ करवाएं, काम में गुणवत्ता का भी पूरा ख्याल रखा जाए। वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने यह बात आज रायगढ़ कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने विभागों में चल रहे प्रोजेक्ट व निर्माण कार्यों के साथ बजट में प्रस्तावित नए कार्यों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों से कहा कि गुड गवर्नेंस स्थापित करना है इसके लिए सभी फील्ड में अपनी जिम्मेदारियों का कुशलता के साथ निर्वहन करें, पॉजिटिव रिजल्ट देने के लिए काम करें। समीक्षा बैठक में महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल उपस्थित रहे।

- वित्त मंत्री चौधरी के अधिकारियों को निर्देश, बारिश के पहले निर्माण कार्यों में दिखनी चाहिए अपेक्षित प्रगति, गुणवत्ता का भी रखा जाए पूरा ख्याल

बैठक में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में क्वालिटी सबसे जरूरी है। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण के दौरान टैक्टर के केजव्हील से सड़क को होने वाले नुकसान के रोकथाम के लिए किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत भवनों के निर्माण की स्थिति के बारे में जानकारी ली। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नगर निगम द्वारा शहर में बीटी सड़क निर्माण के साथ ही अन्य कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भवन निर्माण के ड्राइंग डिजाइन तैयार करते वक्त उपलब्ध भूमि का सही तरह से उपयोग करने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में यदि उस प्रोजेक्ट के विस्तार की आवश्यकता हो तो वहां किया जा सके। इसके लिए लेटरल स्पेस के स्थान पर हाइ राइस बिल्डिंग का निर्माण विकल्प हो सकता है। उन्होंने नवीन स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि का चिन्हांकन कर प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सड़क व भवनों के साथ पुल-पुलिया तथा निर्माण के प्रगति के बारे में अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मेडिकल कॉलेज के कार्यों की भी समीक्षा की। रायगढ़ कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि मेडिकल कॉलेज को दी गई भूमि के सीमांकन और बाउंड्री निर्माण का काम किया जाना है। इसके लिए राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त अन्य निर्माण कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैंप लगाने के निर्देश दिए।

# मल्टीलेवल से ज्यादा कलेक्टोरेट परिसर में वाहन की पार्किंग, हर रोज जाम की स्थिति बन रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

करोड़ों रुपए खर्च करके कलेक्टोरेट चौक पर 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। यह मल्टीलेवल पार्किंग निःशुल्क है। वाहन को पार्क करने के लिए कोई शुल्क लिया नहीं जाता। इसके बाद भी इस मल्टीलेवल पार्किंग से ज्यादा कलेक्टोरेट परिसर में गाड़ियां पार्क की जा रही हैं।

प्रशासन की ओर से कलेक्टोरेट में प्रवेश के लिए दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनना और चारपहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया गया है। इस नियम का पालन करते हुए हर दिन सैकड़ों गाड़ियां कलेक्टोरेट परिसर में ही प्रवेश कर रही हैं, जबकि पार्किंग के लिए मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। गाड़ियों की संख्या बढ़ने से कलेक्टोरेट परिसर के अंदर भी हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है।

### मल्टीलेवल के सामने भी लग रहा हर रोज जाम

मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियां पार्क नहीं कर ज्यादातर लोग अब मल्टीलेवल और जिला पंचायत भवन के सामने सड़क पर गाड़ियां पार्क कर रहे हैं। यहां ई-रिक्शा एवं ऑटो रिक्शाओं की सवारी बिठाने के लिए दिनभर लाइन लगी रहती हैं। इन कारणों से हर रोज यहां भी जाम लगा रहता है।

### गार्डन के दोनों तरफ बने पाथवे पर भी गाड़ियां कर दी पार्क



कलेक्टोरेट परिसर में स्थित गॉर्डन के दो तरफ लोगों के चलने के लिए पाथ-वे बनाया गया है। परिसर में कभी-कभी ऐसी स्थिति रहती है कि दोपहिया गाड़ियों को पाथ-वे या फिर पाथवे के अंदर जाने एवं बाहर निकलने लिए बनाए गए कट के सामने भी लोग गाड़ियां पार्क कर देते हैं, जिससे पाथवे का रास्ता ही बंद हो जाता है।

### एसपी भवन के बगल में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति



एसपी भवन के बगल में खाली प्लॉट है। ज्यादातर चार पहिया इसी प्लाट में पार्क की जाती हैं। इन गाड़ियों में ज्यादातर वकीलों की गाड़ियां रहती है, जबकि कोर्ट परिसर में उनके लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था है। कलेक्टोरेट परिसर से कोर्ट जाने का रास्ता होने के कारण बड़ी संख्या में वकील अपनी गाड़ियां यहीं पार्क करते हैं।

### वीवीआईपी मूवमेंट व कार्यक्रम के दौरान और बिगड़ जाती है व्यवस्था

कलेक्टोरेट परिसर में वैसे तो क्षमता से ज्यादा गाड़ियों की पार्किंग से हर दिन व्यवस्था बिगड़ती है, लेकिन यह व्यवस्था उस दिन और बिगड़ जाती है, जब शहर में कोई वीआईपी, वीवीआईपी मूवमेंट या फिर किसी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस दौरान कलेक्टोरेट के मुख्य गेट पास तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को भी यहां से हटाकर वीआईपी ड्यूटी या कार्यक्रम स्थल पर लगा दिया जाता है। इसके कारण उस दिन बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए चालक भी वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में जाकर पार्क करते हैं। इसके कारण उस दिन यहां सबसे ज्यादा जाम की स्थिति बनी रहती है। दो दिन पहले ही राष्ट्रपति का रायपुर आगमन हुआ था। इस दिन कलेक्टोरेट के मुख्य गेट से ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को हटाकर वीआईपी ड्यूटी में लगा दिया गया था। इसके कारण इस दिन कलेक्टोरेट परिसर में दोपहिया एवं चारपहिया गाड़ियों की संख्या इतना ज्यादा हो गई थी कि आम लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

# मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू देने पहुंचे सीएस जैन और पूर्व डीजीपी जुनेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





छत्तीसगढ़ के मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए बुधवार को इंटरव्यू किया गया। खास बात ये है कि इस पद के लिए राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा एक साथ पंहुचे। इस पद के दावेदारों में कई अन्य वर्तमान व पूर्व नौकरशाह भी शामिल हैं। इंटरव्यू के लिए बुलाए गए सात आवेदक नहीं आए। इनमें पूर्व वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

मुख्य सूचना आयुक्त के लिए एसीएस मनोज पिंगुआ की अध्यक्षता वाली सर्च कमेटी ने 33 आवेदकों को इंटरव्यू के लिए कॉल किया था। इनमें मुख्य सचिव अमिताभ जैन, हाल में पुलिस महानिदेशक के पद से रिटायर हुए अशोक जुनेजा, पूर्व मुख्य सचिव आरपी मंडल, पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी, रिटायर आईएएस नरेंद्र शुक्ला, उमेश अग्रवाल, अमृत खलको और संजय अलंग को शामिल हैं।

पता चला है, 33 में सात आवेदक इंटरव्यू देने नहीं पहुंचे। कॉल जाने के बाद नहीं आने वालों में आरपी मंडल, डीएम अवस्थी और अमृत खलको शामिल हैं। नया रायपुर के सर्किट हाउस में 11 बजे प्रारंभ हुआ इंटरव्यू अपरान्ह तक चला। इंटरव्यू लेने वालों में एसीएस मनोज पिंगुआ, प्रमुख सचिव निहारिका बारिक, प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा और सचिव अविनाश चंपावत सुबह करीब 10 बजे सर्किट हाउस पहुंच गए थे। नामों का पैनल भेजा जाएगा सरकार को बताया गया है कि इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सर्च कमेटी तीन नामों का एक पैनल तैयार करेगी। यह पैनल राज्य सरकार(मुख्यमंत्री) को भेजा जाएगा। माना जा रहा है कि यह प्रक्रिया अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी। सर्च कमेटी के पैनल के आधार पर सरकार यह तय करेगी कि राज्य का मुख्य सूचना आयुक्त कौन होगा।

# सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग, सड़क पर रखे लोहे के बैरिकेड्स से बांध रहे ठेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी रायपुर में कई जगहों पर सड़क पर आवागमन सुचारू रूप से हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क के बीच लोहे के बैरिकेड्स रखे गए हैं। इन बैरिकेड्स को आम लोग अब अपने उपयोग में भी लाने लगे हैं। शास्त्री बाजार स्थित एवनग्रीन चौक के पास एक बैरिकेड्स में एक व्यक्ति ने अपना ठेला ही जंजीर से बांध रखा है, ताकि कोई ठेला को चोरी कर ले जा ना सके।

### एवनग्रीन चौक के आसपास अवैध दुकानों से हर दिन लगता है जाम

एवनग्रीन चौक से सुमीत लाइन, सांई मंदिर और मोतीबाग की ओर जाने वाली मुख्य सड़क पर हर दिन सड़क पर अवैध ठेला के साथ सड़क पर बाजार लगा रहता है। इसके कारण इस मार्ग पर दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी रहती है। एवनग्रीन चौक पर अब ठेले वाले ट्रैफिक पुलिस द्वारा सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़क पर डिवाइडर की तरह लोहे के बैरिकेड्स रखे हुए हैं। इन बैरिकेड्स को अब ठेला संचालक अपने उपयोग में ला रहे हैं। ठेला को बैरिकेड्स के साथ जंजीर से बांधकर रख रहे हैं, ताकि ठेला सुरक्षित रहे।

## खबर संक्षेप

### मौसमी बीमारियों पर कार्यशाला



रायपुर। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन बिरगांव द्वारा बुधवार को शहरी स्वास्थ्य पर जनप्रतिनिधि की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बिरगांव नगर निगम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महापौर नंद लाल देवांगन, अध्यक्षता सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी व विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू रहे। निगम आयुक्त युगल किशोर, एवं उरला स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर सुनील साहू ने संयुक्त रूप से मौसमी बीमारी पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करने पर जोर दिया। जिला प्रबंधक श्री स्वतंत्र राहंगडाले द्वारा शहरी स्वास्थ्य के कार्यों का प्रेजेंटेशन किया गया और मातृत्व स्वास्थ्य , टीकाकरण, वैलनेस गतिविधि, आयुष्मान कार्ड, टीबी, कुष्ठ, आभा आईडी बनाने तथा स्वच्छता एवं पेय जल जांच में नगर निगम जनप्रतिनिधियों से सहयोग एवं जन जागरूकता किए जाने की अपील की।

### लोककर्म विभाग अध्यक्ष ने ली बैठक

**रायपुर**। नगर निगम के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बुधवार को गांधी सदन में विभाग के अभियंताओं की पहली परिचयात्क बैठक ली। इस मौके पर श्री जायसवाल ने निगम के विभिन्न विकास और निर्माण योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी लेकर विकास कार्यों की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अभियंताओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने प्रतिदिन साइट विजिट अनिवार्य रूप से करने की हिदायत दी।

### सामान्य सभा की बैठक आज

**रायपुर**। नगर निगम रायपुर की सामान्य सभा बैठक 28 मार्च को प्रातः 11 बजे से गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इस बैठक में एजेंडा के अलावा नगर निगम का बजट प्रस्तुत किया जायेगा। सभापति सूर्यकांत राठौर के आदेश पर सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई है।

# ऐसा पहली बार, नशे के सौदागरों की साढ़े पांच करोड़ की संपत्ति होगी अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

युवाओं को नशे की गर्त में ढकेलने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के आईजी अजय यादव के नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने मुंबई स्थित नारकोटिक्स सेल में सफेमा के तहत पांच करोड़ 56 लाख की पांच संपत्ति अटैच करने पांच प्रकरण तैयार कर भेजा, जिस पर नारकोटिक्स ने कार्रवाई करने अपनी सहमति प्रदान की है।

- मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री करने वालों की संपत्ति अटैच करने की राज्य में पहली बार की जा रही कार्रवाई

एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के आईजी ने बुधवार को सभी जिलों के एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स के नोडल अफसरों की वर्चुअल बैठक आयोजित की। बैठक में आईजी ने बैठक में बताया कि वर्ष 2024 में राज्य के अलग-अलग जिलों में कुल एक हजार 329 प्रकरण दर्ज कर दो हजार 149 लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में 24 हजार 631 किलो गांजा जब्ती करने के साथ ही 335 ग्राम ब्राउन शुगर, एक किलो 360 ग्राम अफीम तथा 49 करोड़ 37 लाख रुपए नशीली दवाइयां जब्त की गई।

## अलग-अलग जिलों में की जाएगी कार्रवाई



### पहली बार सफेमा के साथ पीट एनडीपीएस

आईजी अजय यादव के अनुसार राज्य बनने के बाद पहली बार नशे के सौदागरों की संपत्ति अटैच करने के साथ पीट एनडीपीएस की कार्रवाई की है। पीट एनडीपीएस की कार्रवाई रासुका की तरह है। पीट एनडीपीएस के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल ने 196 प्रकरण तैयार कर कोर्ट में पेश किया, जिनमें से अब तक 83 तस्करों के खिलाफ पीट एनडीपीएस की कार्रवाई कर जेल दाखिल किया गया है। चालू वर्ष में एंटी नारकोटिक्स सेल ने फरवरी माह तक एनडीपीएस के 192 प्रकरण में 340 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बैठक में एआईजी सीआईडी पूजा अग्रवाल एवं सभी जिलों के एएनटीएफ के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# चौथे दिन अपॉइंटमेंट डबल, सर्वर स्लो की समस्या से देर रात तक होती रही रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम महीना होने के कारण मार्च के अंतिम दिनों में रजिस्ट्री दफ्तर में लोगों की भीड़ टूट पड़ी हैं। सामान्य दिनों में प्रत्येक उप पंजीयक के कोर्ट में 65 से 70 रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट दिए जाते हैं, लेकिन चालू महीने में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ बढ़ने से अपॉइंटमेंट डबल दिए जा रहे हैं। इस तरह प्रत्येक उप पंजीयक के यहां 127 से 130 अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं। विभाग के अधिकारी के अनुसार बुधवार को रायपुर पंजीयन कार्यालय के सभी 5 उप पंजीयकों के यहां अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहे। इधर विभाग के ऑनलाइन साफ्टवेयर का सर्वर चौथे दिन भी दिनभर स्लो रहा। इसके कारण रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ देर रात तक पंजीयन कार्यालय में लगी रही। सूत्रों के अनुसार सर्वर समस्या के कारण 300 से अधिक लोग घंटों प्रतिक्षा करने के बाद रजिस्ट्री कराए बिना ही वापस लौट गए। इन लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए अब नई तारीख के साथ समय दिया जाएगा।

- 300 से ज्यादा बैरंग लौटे



### 325 की जगह 635 अपॉइंटमेंट

रजिस्ट्री कार्यालय में 5 उप पंजीयक कोर्ट हैं। इन उप पंजीयकों की अपॉइंटमेंट देने की अधिकतम लिमिट कुल 325 से 330 हैं, लेकिन चालू माह में भीड़ के कारण 635-640 अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं।

### पुणे से मुख्य सर्वर में खराबी

विभाग के साफ्टवेयर का मुख्य सर्वर एनआईसी पुणे से संचालित होता है। सर्वर में जो समस्या आई है वह एनआईसी पुणे से है, इसलिए यह समस्या प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालयों में बनी हुई है।

### कार्यालय खुलने का समय बढ़ा पर सर्वर से लोग परेशान

क्लोजिंग माह में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ को देखते हुए पंजीयन विभाग ने कार्यालय खुलने का समय जरूर दो घंटे बढ़ा दिया है, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण रजिस्ट्री काफी धीमे गति से हो पा रही है। पंजीयन कार्यालय में सामान्य तौर पर एक घंटे में 10 रजिस्ट्री हो जाती थी, लेकिन सर्वर स्लो चलने के कारण एक घंटे में दो से तीन रजिस्ट्री ही हो पा रही है। रायपुर कार्यालय में दिनभर सर्वर की समस्या बनी रही, जिसके कारण कई लोग 6 से 8 घंटे बैठने के बाद बिना रजिस्ट्री कराए वापस लौट गए।

### कोर्ट,-बरांदा, स्टाम्प हॉल से लेकर परिसर में रही ठसाठस भीड़

पंजीयन दफ्तर में रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट हाउसफुल रहा। इसके कारण उपपंजीयकों के कोर्ट रूम से लेकर बरांदा, स्टाम्प हॉल से लेकर दफ्तर का बाहरी परिसर में लोगों की भीड़ लगी रही। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि कई महिलाएं दफ्तर की सीढ़ियों तथा फर्श पर बैठकर अपनी बारी आने का इंतजार करती रही।

### रजिस्ट्री नहीं करा पाए लोगों को नई तारीख-समय दिया जाएगा

सर्वर की समस्या बनी हुई है। इस कारण रजिस्ट्रियां धीमे हो रही है। जो लोग रजिस्ट्री आज नहीं करा पाए, उन्हें दोबारा अपॉइंटमेंट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साफ्टवेयर में ऑप्शन रहता है, जिसे उपपंजीयक द्वारा क्लिक करने पर अपॉइंटमेंट की तारीख व समय आगे मिल जाता है।

*- विनोज कोचे, मुख्य पंजीयक रायपुर*

# दो साल में जिले को लेप्रोसी टीबी मुक्त करने के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगले दो साल में रायपुर जिले को लेप्रोसी और टीबी मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाए। ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर मरीजों की पहचान करने और इसके लिए एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाएगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग और आयुष की संयुक्त समीक्षा बैठक में जिले की स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाए। बीएमओ मितानिनों के साथ समन्वय कर और अन्य उपायों से घर-घर सर्वे कराएं। बैठक में बताया गया कि जिले में अभी 33 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जबकि 3 नए केंद्र निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, जिले में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की संख्या बढ़कर 229 हो गई है। कलेक्टर ने इन केंद्रों की प्रभावशीलता की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जाए।

### लाभार्थियों को मिलें बेहतर सुविधाएं

चिरायु-राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एक-एक स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र में किए गए सर्वे की जानकारी ली और उन स्थानों की पहचान करने को कहा, जहां अभी तक सर्वे नहीं हुआ है। उन्होंने उन क्षेत्रों में सर्वे न होने के कारण की जानकारी मांगी और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

### प्रभावित रहेगी नवतना-दुर्ग एक्सप्रेस

**रायपुर**। अधोसंरचना विकास के लिए उत्तर पूर्व रेलवे गोरखपुर में तीसरी रेलवे लाइन को स्टेशन से जोड़ने का कार्य के लिए नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा। 27 मार्च से 26 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्य की वजह से कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । 24 अप्रैल एवं 1 मई को दुर्ग से रवाना होने वाली वाली 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस, 26 अप्रैल एवं 03 मई को नौतनवा से रवाना होने वाली 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस, 25 अप्रैल एवं 3 मई को दुर्ग से रवाना होने वाली 18201 दुर्ग-नौतनवा एवं 27 अप्रैल एवं 5 मई को 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

# गांधी सदन में 9 एमआईसी सदस्यों ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के एमआईसी में नवनियुक्त 9 सदस्यों ने बुधवार को बैंड बाजे के साथ गांधी सदन में प्रवेश किया। अपने कक्ष में विधि-विधान के साथ पहले पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने वाले सदस्यों में गायत्री चंद्राकर, सुमन पांडे, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, संतोष साहू, अवतार बागल, महेंद्र खोडियार, संजना हियाल, खेम कुमार सेन शामिल रहे।

- कक्ष में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया

इस मौके पर एमआईसी सदस्यों को बधाई देने रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, पूर्व सभापति संजय



श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर गांधी सदन में मौजूद रहे।

एक ही दिन में 9 एमआईसी सदस्यों के पदभार ग्रहण के कारण गांधी सदन में खासी रौनक देखी गई। नगर निगम सचिवालय द्वारा प्रशासनिक कार्य के लिए विभागवार एमआईसी सदस्यों को कक्ष का आवंटन किया गया है। पदभार संभालने पर पूर्व पार्षदों, गणमान्य जनों और नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों ने एमआईसी सदस्यों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

### गंभीर कुपोषित बच्चों की प्रोफाइलिंग करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रायपुर**। कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर ने रेडी-टू-ईट खाद्य सामग्री की उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर विशेष ध्यान देने कहा। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसके लिए चावल और अन्य खाद्यान्न की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा सभी सुपरवाइजरों को गंभीर कुपोषित बच्चों की प्रोफाइलिंग करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में आईसीडीएस , मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, कुपोषित बच्चों की स्थिति और बाल संरक्षण के उपायों पर गहन चर्चा की तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे को सुधारने पर जोर दिया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि यदि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में मरम्मत, बाउंड्रीवॉल निर्माण, रेनवाटर हार्वेस्टिंग या सोखता गड्ढे की आवश्यकता हो, तो इसके लिए जल्द से जल्द स्वीकृति प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कराए।

# खमतराई में नाली निर्माण के लिए पाटों के तोड़फोड़ का विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वीर शिवाजी वार्ड स्थित खमतराई मुख्य मार्ग बाजार चौक से पैराडाइज होटल तक नाली निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम द्वारा संबंधित क्षेत्र के दुकानदारों एवं घरों के सामने नाली के ऊपर बने पाटों को तोड़ा गया। प्रभावितों का कहना है कि उन्हें बिना जानकारी व नोटिस दिये पाटों को तोड़ दिया गया, जबकि वहीं पर स्थित साम्राज्य रेसीडेंसी एवं एसपी कोल्ड स्टोर के सामने लम्बी नाली के ऊपर बनी पाटे को छोड़ दिया गया, जो कि गलत है। इसके विरोध में खमतराई कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे।

कार्यकर्ताओं ने जोन 1 आयुक्त को इस संबंध में ज्ञापन सौंप कर शीघ्र ही साम्राज्य रेसीडेंसी एवं एस पी कोल्ड स्टोर के सामने बने पाटों को तोड़ने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई।

# फिर गरजा तोड़ूदस्ता, टाटीबंध के पास अवैध निर्माण ढहाया, समता कालोनी में नाली पर अतिक्रमण तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में एक बार फिर नगर निगम के तोडूदस्ता ने धमक देते हुये अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। टाटीबंध के पंचधाम मंदिर के पास 6 हजार वर्गफीट भूखंड में बिना अनुमति किये गये अवैध निर्माण को दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। वहीं जोन 1 अमले ने सुखराम नगर में अवैध निर्माणाधीन व्यावसायिक दुकानों को ढहाने में तत्परता दिखाई। राजधानी में अवैध निर्माण को लेकर नगर निगम का तोड़ूदस्ता इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रहा है। बुधवार को जोन 8 कमिश्नर एके हालदार के निर्देशन में शहीद भगतसिंह वार्ड के टाटीबंध क्षेत्र में पंचधाम मंदिर के पास बीना सिंह द्वारा करीब 6 हजार वर्गफीट भूखंड में बिना अनुमति किये गये निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। इसी तरह मंजू अग्रवाल द्वारा स्वीकृति विपरीत निर्माण को तोड़ा गया एवं पार्किंग क्षेत्र में निर्मित सीढ़ी व शटर को हटाया गया। भवन स्वामी को पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने निर्देश दिये गये हैं।

- जोन 8 ने पंचधाम मंदिर टाटीबंध के पास 6 हजार वर्गफीट भूखंड में अवैध निर्माण हटाया



### सुखराम नगर में निर्माणाधीन अवैध दुकानों को तोड़ गिराया

जोन 1 नगर निवेश टीम ने सुखराम नगर में करीब 5 हजार वर्गफीट जगह पर निर्माणधीन अवैध व्यावसायिक दुकानों को तोड़ने में तत्परता दिखाई। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा की टीम ने अभियान चलाकर अवैध निर्माण तोड़ गिराया। नगर निगम से अनुमति लिये बिना अवैध रूप से व्यावसायिक प्रयोजन के लिए दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। जन शिकायत पर निगम अमले ने इस पर कार्रवाई की।



### समता कालोनी मुख्य मार्ग में नाली पर अतिक्रमण

जोन 7 क्षेत्र स्थित समता कालोनी मुख्य मार्ग पर नाली के ऊपर एक्सीस जूस द्वारा किये गये अतिक्रमण को तोड़ा गया। नगर निवेश विभाग की टीम ने नाली सफाई में आ रही दिक्कत को देखते हुये यह कार्रवाई की। वहीं समता कांप्लेक्स के सामने पार्किंग के स्थान पर लगे हुये 23 विज्ञापन बोर्ड को हटाया गया।



## पेज 11 के शेष

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह...

गोपाल शुक्ला, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, पूर्व पार्षद लखन देवांगन, विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, पत्रकार एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रेष्ठ शंभरकर, समस्त पर्यवेक्षकगण, ऑफिस स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–सहायिकाएं, जोड़ों के परिजन एवं अन्य लोगों ने सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न कराया।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 40 ...

महेन्द्र मोनू साहू, जनपद सदस्य तुलसी डहरिया, पलारी नगर अध्यक्ष गोपी साहू, रोहांसी नगर अध्यक्ष रोहांसी नंदेश्वर साहू, पार्षदगण लेखराम साहू, नेमसिंग बांधे, कुमार धीवर, नारायण धीवर, प्रतिभा धिरहे, पूर्व पार्षद मनीष चंद्राकर, मोहन बंजारे, रज्जाक खान, यमलोक साहू, महेश ढीढी, शेखर वर्मा, संजू साहू, साधराम साहू सहित महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी और अन्य गणमान्य अतिथियों ने वर–वधुओं को आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह में योगेश चन्द्राकर ने कहा कि नवदंपतियों को इस योजना ने उन्हें कर्ज के बोझ से बचाया और हंसी–खुशी वैवाहिक जीवन की शुरुआत का अवसर दिया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम ने दहेज मुक्त समाज और सादगीपूर्ण विवाह का संदेश दिया। गरीब परिवारों के लिए यह योजना उम्मीद की किरण बनकर उभरी है, जो सामाजिक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम बाल एकीकृत परियोजना अधिकारी पलारी नीरज ठाकुर के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ, जिसमें पर्यवेक्षक नीरा कुर्रे, सबीता साहू, लक्ष्मी ढीढी, स्वाती जायसवाल, लता कश्यप, विजय लक्ष्मी टंडन, लकेश्वरी साहू, मलका खान, श्वेता रात्रे, अर्चना बंजारे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### चोरी की दो ...

हैं। इस सूचना पर ग्राम बिर्रा चौक के पास घेराबंदी कर चोरी की मोटर सायकिल के साथ 2 अपचारी बालक एवं उसके साथी आरोपी पुष्पेंद्र मांझी पिता मोहन लाल 18 वर्ष ग्राम बसंतपुर थाना बिर्रा जिला जांजगीर चांपा को गुरूवार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। संपूर्ण कार्रवाई में भगवती प्रसाद कुर्रे थाना प्रभारी भटगांव, प्र.आर. एकराम सिदार, आदित्य सिंह, आरक्षक खिलावन बघेल,शशिकांत खुटे, नरेन्द्र चंद्रा अशोक साहू एवं समस्त थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक गिरफ्तार

**रायपुर**। तेलीबांधा पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी राज जसूजा गली नंबर-7 तेलीबांधा का निवासी है। वह अपने घर की गली में ही मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा था, जिसे मुखबिर की सूचना पर मौके पर पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक मोबाइन एवं नकदी 5600 रुपए जब्त किए गए। उसके विरुद्ध धारा छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 एवं 111 बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# मंत्री नेताम दिल्ली में मिले केंद्रीय मंत्री मांडविया से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के आदिम जाति विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बुधवार अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख एल. मंडाविया से उनके निवास कार्यालय से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर मंत्री श्री नेताम और केन्द्रीय मंत्री श्री मंडाविया के बीच छत्तीसगढ़



सरकार द्वारा संचालित केन्द्र और राज्य प्रवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।(मंत्री श्री नेताम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों, गरीबों और मजदूरों सहित सभी वर्गों के निरंतर विकास के लिए नीतिगत फैसले लेकर और योजनाओं के तहत कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में सभी वर्ग के लोग खुशहाल हैं। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के छत्तीसगढ़ में हो रहे बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी दी।

# एफडीए का नया पता होगा पुराना डीएमई ऑफिस, पुरानी बिल्डिंग में लैब का विस्तार

**रायपुर**। खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर जिले का नया पता पुरानी डीएमई ऑफिस होगा। कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद कालीबाड़ी के भवन में लैब का विस्तार किया जाएगा। कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी के साथ विभिन्न प्रकरणों में जब्त दवा और सेनेटाइजर सहित अन्य सामान की शिफ्टिंग का काम पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के कर्मचारियों का कामकाज परीक्षण शाला के ऊपरी मंजिल में स्थित कार्यालय से चल रहा था। यहां जांच लैब का विस्तार किया जाना है, जिसके निर्माण के लिए सीजीएमएससी के पास वर्क आर्डर भी पहुंच चुका है। लैब के लिए कई तरह के आवश्यक जांच मशीनों की खरीदी भी काफी समय पहले की जा चुकी है। काम पूरा होने के बाद यहां दवाओं तथा खाद्य से संबंधित कई तरह की जांच पूरी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सेंट विंसेंट पलोटी की 3 का नवोदय में चयन





**सरायपाली।** सेंट विंसेंट पल्लोटी इंग्लिश मीडियम स्कूल कुटेला में अध्ययनरत तीन विद्यार्थी अक्षिका जगत पिता धीरेंद्र जगत, अंकित भोई पिता गुणवंत भोई एवं खिरसागर कश्यप पिता सुंदर सिंह कश्यप का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। तीनों विद्यार्थियों के चयन होने पर स्कूल के प्राचार्य व कैलाश तांडी सहित सभी शिक्षकों, परिवार जन हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### अखंड रामायण 6 से

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। यह रामायण सम्मेलन 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक होगा। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय पुरस्कार 7001, तृतीय पुरस्कार 5001, चौथा पुरस्कार 3001, पांचवें पुरस्कार 2001 रुपए रखा गया है और प्रत्येक मांनस मंडली को 1100 रुपए दिया जाएगा। यह जानकारी रामायण मंडली के उपाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने दी है।

### नवोदय में छात्रों का चयन





**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के आइडियल कॉन्वेंट स्कूल से इस बार फ़िर बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। सत्र 2025-26 के लिए इन बच्चों का कक्षा छठवीं में दाखिला होगा। लक्की आड़े पिता संजय आड़े, अंशु चक्रधारी पिता संतोष चक्रधारी, साहिल पटेल पिता उकेश्वर पटेल चयनित हुए हैं। शाला परिवार की तरफ़ से सभी बच्चों, पालकों व शिक्षकों को हार्दिक बधाई। ज्ञात हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन विगत 18 जनवरी को हुआ था। महासमुंद ब्लॉक के आइडियल कॉन्वेंट स्कूल से प्रति वर्ष बच्चों का चयन होता आ रहा है। विद्यालय में चयन परीक्षा हेतु विशेष तैयारी कराई जाती है।

### प्रियांशु सिदार का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**महासमुंद।** आदर्श विद्या भारती हाईस्कूल बड़ेसाजापाली से कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र प्रियांशु सिदार का चयन नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025.26 से कक्षा 6वीं में प्रवेश हुआ है। इस उपलब्धि पर शाला परिवार और उनके माता-पिता विजय सिंह, डोलेश्वरी, मामा-मामी राजेंद्र-ममता सिदार, राहुल, हिना, लक्ष्य, आयुष सिदार आदि ने हर्ष जताया है।

### आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन 1 से

**महासमुंद।** जिले में 01 से 14 अप्रैल 2025 तक फेमेक्स कार्यक्रम 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय, 03 वाहिनी, मुंडली कटक (ओडिशा) की टीम द्वारा किया जाएगा। फेमेक्स कार्यक्रम के तहत जिले के चिन्हित स्कूलों, समुदायों, ब्लॉक एवं पंचायत कार्यालयों में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन किया जाएगा। फेमेक्स कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सरायपाली में 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक, बसना में 04 अप्रैल से 05 अप्रैल, पिथौरा में 06 अप्रैल से 07 अप्रैल, बागबाहरा में 08 अप्रैल से 10 अप्रैल एवं विकासखंड महासमुंद में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। फेमेक्स कार्यक्रम के सुचारू आयोजन के लिए संबंधित अनुभागों के कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है ।

# मां कर्मा की जीवनी से मिलती है भक्ति और मानव सेवा की शिक्षा : इंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत खंडवा में साहू समाज द्वारा कर्मा माता की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इसमें विधायक इंद्र साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने साहु समाज के भवन और सेवा समिति के लिए मंदार की घोषणा की विधायक साव ने उपस्थित सामाजिक जनों से कहा कि आराध्य मां कर्मा के जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है। आराध्य मां कर्मा ने अपनी भक्ति भाव से साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। उनके जीवन से हमें भक्ति और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है। मां कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा।उक्त अवसर पर सिमगा ग्रामीण परिक्षेत्र अध्यक्ष राहुल साहू, सिमगा तहसील मिडिया प्रभारी ओंकार साहू, लक्ष्मण परिक्षेत्र कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कोषाध्यक्ष बिसाहू साहू सिमगा साहू समाज तहसील कार्यकारी सदस्य रूपेंद्र साहू तथा ग्राम साहू समाज अध्यक्ष दीपक साहू, उपाध्यक्ष राजू साहू, सचिव खूबी साहू, सरपंच प्रतिनिधि रामचुरावन साहू, शंकर लाल साहू, संतोष साहू, पीतांबर साहू, राजेश साहू, प्रीतम बाई साहू, शिवबती साहू, पुष्पा साहू सहित साहू समाज के युवा सदस्य सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

### खंडवा में आयोजित कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक



#### ग्रामवासियों की सेवा में अग्रसर रहेंगे : साव

विधायक साव ने आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए उन्हें आमंत्रित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया और आश्वस्त किया कि ग्रामवासियों की सेवा के लिए वे हमेशा अग्रसर रहेंगे। तहसील अध्यक्ष रामनाथ साहू ने माता कर्मा के जीवनी को बताते हुए आगे निरंतर जयंती के कार्यक्रम में सहयोग करते रहने का वादा किया।

## योजना : नपा अध्यक्ष ने माला पहनाकर तीर्थ यात्रियों को किया रवाना

# तीर्थयात्रियों का स्वागत : रामेश्वरम-तिरुपति-मदुरै के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बार फिर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना की शुरुआत कर दी है। योजना के शुभारंभ के साथ ही बलौदाबाजार-भाटापारा जिला से 271 श्रद्धालुओं का दल भाटापारा रेल्वे स्टेशन से रामेश्वरम-तिरुपति-मदुरै के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने तीर्थयात्रा पर रवाना होने वाले श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर विदाई दी। श्री शर्मा ने श्रद्धालुओं को सफल, सुखद तीर्थयात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

■ भाटापारा शहर, दतरेंगी, मोपका, गुड़ाघाट, मल्दी, मोपर, गुडेलिया के 60 श्रद्धालु हुए शामिल

गौरतलब है कि डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार रहते मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना शुरू की गई थी, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के हजारों श्रद्धालुओं ने लिया था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया था। अब एक बार फिर भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा दर्शन योजना की शुरुआत की गई है। इसका शुभारंभ गुरुवार 27 मार्च को मुख्यमंत्री साय ने रायपुर रेलवे स्टेशन में विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया। इस कड़ी में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला से भी 271 यात्रियों का दल तीर्थयात्रा के लिए रवाना हुआ।

इसमें भाटापारा शहर, दतरेंगी, मोपका, गुड़ाघाट, मल्दी, मोपर, गुडेलिया के 60 श्रद्धालु श्रद्धालु भी सम्मिलित हैं। यह श्रद्धालु प्रथम चरण में रामेश्वरम-तिरुपति-मदुरै की यात्रा पर जा रहे हैं। तीर्थयात्रा पर रवाना होने से पूर्व भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने फूल-माला भेंट करते हुए भव्य विदाई दी। इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष संकेत अग्रवाल, मल्दी सरपंच भारती वर्मा, मोपका सरपंच चेतन वर्मा, बृजेश निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### नपा अध्यक्ष शर्मा ने किया भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा का स्वागत

**भाटापारा।** भक्त माता कर्मा की जयंती पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा का स्वागत किया। भक्त माता कर्मा को प्रणाम करते हुए नपा अध्यक्ष कहा कि, माता कर्मा का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा दायक है। उन्होंने हमें सेवा, त्याग, भक्ति और समर्पण का रास्ता दिखाया है। इस पर चलकर हम बेहतर नागरिक बन सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद संजीवन साव, लुकु साव, सतीश साहू, लाला साहू, जनपद सदस्य मालिक राम साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अशोक सिन्हा, पार्षद नंदू वैष्णव, आशीष टोडर, मन्नू बाठिया, निकलेश साहू एवं साहू समाज के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

#### आध्यात्मिक ऊर्जा मिलेगी

यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर एक अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध होगी। हम सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हैं।

**-अश्वनी शर्मा,** अध्यक्ष, नपा भाटापारा

# मनोविकास केंद्र का क्लेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरुवार को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में संचालित मनोविकास केंद्र का कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जायजा लिया।

■ मानसिक विकारों से पीड़ित बच्चों को दी जा रही इलाज की सुविधाओं की जानकारी ली

उन्होंने विभिन्न मानसिक विकारों से पीड़ित बच्चों को दी जा रही इलाज की सुविधाओं की जानकारी ली एवं बच्चों के माता–पिता की प्रतिक्रियाओं से अवगत हुए। अभिभावकों ने बताया कि मनोविकास केंद्र में इलाज से बच्चों में सुधार आ रहा है। कलेक्टर एवं एसएसपी ने केंद्र के एडमिन कक्ष, चिल्ड्रन हॉल, फिजियोथेरेपी रूम, ऑडियोमेट्री रूम सहित बैठक हाल का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों की जरुरत के अनुसार आवश्यक इलाज, अभ्यास, थिरेपी आदि नियमित रूप से कराने के निर्देश दिये। बताया गया कि वर्तमान में 40 विशेष देखभाल वाले बच्चे मनोविकास केंद्र में भर्ती है। इन बच्चों को पढ़ाने के लिए 3 स्पेशल एजुकेटर हैं। फिजियो थिरेपिस्ट, ऑडियो मेट्रियोलॉजिस्ट और योगा प्रशिक्षक हैं। मनोविकास केंद्र केवल डे बोर्डिंग है। दिन में ही बच्चों को रखा जाता है। बच्चों को घर से लाने एवं पहुंचाने के लिए बस की सुविधा है। उल्लेखनीय है कि डीएमएफ फण्ड से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से समाज कल्याण विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले यह मनोविकास केंद्र अपने तरह का प्रदेश का पहला केंद्र है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### राजयोगिनी दादी जानकी की 5वीं पुण्यस्मृति मनाई

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशस्तिका राजयोगिनी दादी जानकी की 5वीं पुण्यस्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। ब्रम्हा कुमारियों और पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# रामायण सिखाती है मर्यादा, कर्तव्य और भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम रेंगाडीह में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास, महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, महेंद्र मोनू साहू, धन्नू साहू, सरपंच तीरथ राम रात्रे सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास ने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि रामायण के आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि रामायण हमें मर्यादा, कर्तव्य और भक्ति की सीख देती है जो समाज को सही दिशा में ले जाने में सहायक होती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। महेंद्र मोनू साहू ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कतिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने आयोजन समिति प्रतिभागियों और दर्शकों को इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। समापन समारोह में धन्नू साहू ने सभी अतिथियों प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन रामायण की पवित्र शिक्षाओं के प्रचार–प्रसार और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने में सफल रहा। उन्होंने मुख्य अतिथि राजेश्री रामसुंदर दास, विशिष्ट अतिथियों और आयोजन समिति के सदस्यों का विशेष रूप से धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के आयोजनों से समाज को धार्मिक और नैतिक प्रेरणा मिलती रहेगी।इस अवसर पर गाजू राम साहू, कृष्णा साहू, गंगा राम साहू, रेवा राम साहू, सुखी राम साहू, फिरंटा राम यादव, धर्मेंद्र साहू, कालीराम साहू, पारस विश्वकर्मा, प्रमोद साहू, नंदलाल साहू और किशन साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

■ रेंगाडीह में राज्य स्तरीय रामायण प्रतियोगिता का समापन



### रामायण के समापन पर निकाली गई शोभायात्रा



**हिरमी-रावन।** ग्राम पंचायत भालेसुर में 24 से 27 मार्च तक आयोजित त्रिदिवसीय रामायण समारोह का समापन हुआ। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भक्तिभाव से राम कथा का श्रवण किया। समारोह के दौरान प्रतिदिन रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का पाठ किया गया, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप और भक्ति की महिमा का वर्णन किया गया। प्रवचन के लिए प्रसिद्ध कथा वाचकों को आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। समापन दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के रूप में सजे कलाकारों ने आकर्षण बढ़ाया। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा। रामायण पाठ के बाद हवन और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।ग्रामवासियों ने इस भव्य आयोजन के लिए पंचायत समिति और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। इस तरह तीन दिवसीय रामायण समारोह का समापन भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

# नवीन, चंचल और रघुवीर ने गुल्लक के पैसे मंदिर में दान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

भक्ति और सेवा की भावना को साकार करते हुए मोहरा निवासी तीन भाई–बहन नवीन, चंचल और रघुवीर यादव ने एक अनोखी मिसाल पेश की है। इन तीनों ने मिलकर एक वर्ष तक अपनी छोटी – छोटी बचत को कागज के गुल्लक में जमा किया और अंततः 3,603 रुपये की यह धनराशि चितावर धाम स्थित राधा–कृष्ण मंदिर में दान कर दी। इनकी इस निःस्वार्थ सेवा भावना गांव में सराहना हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि आमतौर पर बच्चे अपनी गुल्लक में जमा किए गए पैसे खिलौने या अपनी इच्छाओं को पूरा करने में खर्च करते हैं, लेकिन इन तीनों भाई–बहनों ने इस राशि को धार्मिक कार्यों में लगाने का निर्णय लिया, जिससे उनकी भक्ति और परोपकार की भावना झलकती है। मंदिर के पुजारियों और स्थानीय लोगों सनत सेठ, दीनबंधु यादव, कुमार यादव, अंगद वर्मा, परमेश्वर वर्मा, हरिचंद्र वर्मा, गणेश वर्मा, रामप्रसाद वर्मा, ईशांत सेन ने इन बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज में हर कोई इसी तरह परोपकार और सेवा की भावना रखे, तो यह दुनिया और भी सुंदर बन सकती है। इनकी इस उदारता ने न केवल ग्रामीणों का दिल जीता, बल्कि समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है।

■ जमा पैसों को मंदिर में दान कर क्षेत्र में कायम की मिसाल



## जन औषधि केंद्र में मिलने वाली ब्राडेंड दवाइयों की दी गई जानकारी

# जन औषधि केंद्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के सहकारी समितियां द्वारा संचालित तीन प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र लाहोद, वटगन एवं अमेरा में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित नागरिकों को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र में मिलने वाली उत्तम किस्म की दवाइयां बहुत ही कम दाम पर प्राप्त होने एवं नागरिकों को अधिक से अधिक दवाईयां जन औषधि केंद्र से खरीदने एवं अधिक से अधिक बचत होने की जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाहोद के डॉ. बी विश्वास द्वारा शिविर में उपस्थित नागरिकों का बीपी शुगर की जांच की गई एवं स्वास्थ्य का जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर समिति के प्राधिकृत अधिकारी रमेश साहू, ब्लाक के सहकारिता अधिकारी डीके नेताम, शाखा प्रबंधक आरके धावलकर, पर्यवेक्षक तेजनाथ साहू, अनिल राय, समिति प्रभारी रामनारायण पटेल सहित काफी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

■ कई रोगों की जांच की गई




#### दवाइयों के लाभ की दी जानकारी

इसी तरह ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लाहौद द्वारा ग्राम पंचायत के प्रांगण में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों का मधुमेह एवं रक्त–चाप का निःशुल्क परीक्षण कराया गया। साथ ही शिविर में डॉ. श्रीवास द्वारा शिविर में आए मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। शिविर में समिति द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र लाहौद में मिलने वाली सस्ती एवं ब्रांडेड दवाइयों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन दवाइयों का उपयोग करने से होने वाले फायदा एवं बचत के बारे में बताया गया।

